# झारडा में दर्दनाक घटना, 8 साल के बालक और मां की मौत

▶ पुत्र को जहर देने के बाद मां ने खाई थी जहरीली गोलियां

**उज्जैन। ग्राम लसुडिया गोयल से दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया। 8 साल के पुत्र को जहरीली गोली खिलाने के बाद मां ने भी खाली। परिजनों ने दोनों की बिगड़ती हालत देखी तो उपचार के लिये आगर अस्पताल लेकर पहुंचे। बालक को डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई।**

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम लसुडिया गोयल में 3 भाइयों का संयुक्त परिवार रहता था और 20 बीघा जीमन पर खेती करता है। परिवार में कोई विवाद नहीं है। मंगलवार सुबह 6.30 बजे के लगभग परिवार के एक भाई रघुसिंह तंवर की पत्नी सीमाबाई और 8 साल का पुत्र राजवीर उल्टियां करते दिखाई दिये। सीमाबाई के जेठ शिवसिंह तंवर ने दोनों को देखा तो तत्काल परिवार के साथ आगर अस्पताल लेकर पहुंचे। इस बीच सामने आया कि सीमाबाई ने पहले पुत्र को जहरीली गोली खिलाई और फिर खुद ने खा ली। आगर पहुंचने पर डॉक्टरों ने बालक राजवीर को उज्जैन रैफर कर दिया। राजवीर को उज्जैन लाया जाता, उससे पहले सीमाबाई की आगर अस्पताल में मौत हो गई। उज्जैन के निजी अस्पताल में राजवीर को भर्ती किया गया। जहां दोपहर में उसकी भी मौत होना सामने आया। सीमाबाई का आगर में पोस्टमार्टम कराया गया। बालक राजवीर को उज्जैन नीलगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मां और पुत्र की मौत होने की खबर लसुडिया गोयल पहुंची तो गांव का माहौल गमगीन हो गया। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि सीमाबाई ने ऐसा कदम क्यों उठाया। मामले में नीलगंगा थाना एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि बालक के बड़े पापा शिवसिंह के बयान दर्ज कर शव सौंपा गया। शिवसिंह ने भी ऐसा कोई कारण नहीं बताया कि जिससे दोनों के द्वारा उठाये गये कदम का कारण स्पष्ट हो पाये। वहीं झारड़ा थाना प्रधान आरक्षक भारतसिंह चौहान ने बताया कि गांव में भी परिवार के गमगीन होने पर कोई वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## रातभर से लापता युवकों की लाश डाबरी से मिली

उज्जैन। रात भर से लापता दो दोस्तों की परिवार तलाश के बाद बुधवार सुबह गांव की डबरी के पास पहुंचा तो उनकी बाइक खड़ी दिखाई दी। शंका के आधार पर तलाश शुरू की गई तो दोपहर 1 बजे के लगभग उनके शव बाहर निकल गए। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम चिरोला में रहने वाले दो दोस्त अजय पिता सुमन दास बैरागी 16 वर्ष और कमल पिता हीरालाल माली 20 वर्ष मंगलवार सुबह बाइक से निकले थे। देर शाम तक घर नहीं पहुंचे रात में परिवार ने तलाश शुरू की कुछ पता नहीं चला। बुधवार परिवार और गांव वाले उनकी खोजबीन में जुट गए। सुबह 11 के लगभग पता चला दोनों दोस्तों की बाइक गांव की ही डबरी के पास खड़ी हुई है। परिवार और गांव वाले मौके पर पहुंचे। दोनों के डूबने की आशंका में तलाश शुरू की गई। अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बिछोटे, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया और करीब 2 घंटे की तलाश के बाद दोपहर में उनके शव बाहर निकाल लिए गए। माना जा रहा है कि दोनों डबरी में नहाने गए थे और गहराई का अंदेशा नहीं होने पर डूबे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले में मार्ग कम कर दोनों का पोस्टमार्टम कराया है।

## फर्जी मालिक बन सौदा करने वाले 5 दिनों की रिमांड पर

उज्जैन। जमीन का फर्जी मालिक बनकर ग्राम सलामता में 12 बीघा जमीन का सौदा 1.39 करोड़ करने के बाद अनुबंध के दौरान 36 लाख की धोखाधड़ी करने वाले की शिकातय ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर और उसके भतीजे कुलदीपसिंह ने माधवनगर थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर धोखाधड़ी करने वाले तथाकथित जमीन मालिक दिलीप सिंह जिसका वास्तविक नाम भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेड़ा चितावलिया और सौदा करने वाले दलाल मंगल पिता हाकमसिंह निवासी ग्राम रलायती को गिरफ्तार किया था। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 5 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि दोनों से स्वीफ्ट कार, मोबाइल के साथ फर्जी आधार कार्ड और कई दस्तावेज बरामद किये गये है। रिमांड अवधि में धोखाधड़ी से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी। दोनों आरोपी गिरोह के रूप में काम करते है। उनके द्वारा कई लोगों से धोखाधड़ी किया जाना सामने आ रहा है।

उज्जैन से झाबुआ लौट रहे पति पत्नी सड़क दुर्घटना का शिकार

# बड़नगर मार्ग पर खड़े डंपर से टकराई बाइक, पति की मौत

**उज्जैन। शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान मजदूरी के लिए आए पति पत्नी मंगलवार दोपहर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बड़नगर मार्ग पर खड़े डंपर से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में पति की मौत हो गई पत्नी गंभीर घायल हुई है। झाबुआ से आए परिजनों की मौजूदगी में बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया।**

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि बड़नगर मार्ग नलवा में दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। बाइक सवार पुरुष की मौत हो चुकी थी और महिला गंभीर रूप से घायल की दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया और जांच शुरू की गई तो दोनों पति-पत्नी होना सामने आए। मृतक पति सुरेश पिता नंदू बामोर 35 साल निवासी नयापुरा सारंगी थाना पेटलावद झाबुआ सामने आया। घायल पत्नी राधाबाई होना सामने आई। पुलिस के अनुसार बाइक सवार दंपत्ति खड़े डंपर से टकराए थे। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई।

## झाबुआ से मजदूरी करने आए थे उज्जैन

बुधवार सुबह उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि दोनों मजदूरी के लिए उज्जैन आये हुए थे। जहां से वापस अपने गांव आ रहे थे। सुरेश दो बच्चों का पिता था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन बॉडी अंतिम संस्कार के लिए झाबुआ के पैतृक गांव नयापुरा सारंगी ले गए हैं। पुलिस ने मामले में डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक बीच मार्ग पर वहां खड़ा करने का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## एक नजर में



### अस्मिता बास्केटबॉल लीग के लिए टीम घोषित

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य चैंपियनशिप के तहत अस्मिता बास्केटबॉल लीग के जूनियर बालिका वर्ग का राज्य स्तरीय आयोजन 4 से 7 जून तक शहर में होगा। मध्य प्रदेश एसोसिएशन और उज्जैन कॉर्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए उज्जैन टीम की घोषणा कर दी गई है। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग की टीम का कप्तान अपराजिता चतुर्वेदी को चुना गया है। टीम के अन्य खिलाड़ियों में वृतिका कुरेल, रौली पंड्या, नीतिका सोनी, अनन्या जैन, देवयानी गौड, तेजस्वी मांगरोले, जान्हवी सोलंकी, आराध्या कटारा, पलिशका मेडा, अवनी गोथवाल और प्रतीका सोनी शामिल हैं। मनीषा पंवार को टीम का कोच और सेजल डागर को मैनेजर नियुक्त किया गया है। उद्घाटन समारोह 4 जून को शाम 5 .30 बजे महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरिना में आयोजित किया जाएगा। टीम के चयन पर ज्योति शर्मा, रविशा लड्ढा, प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया, विनोद पांचाल, ममता गौड, मनीष धनौरिया और शरद वाघमारे ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बैठक

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए शहीद राजाभाऊ महाकाल मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनसंपर्क, सेवा एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम सभापति कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद खींची, कमल बैरवा, मंडल प्रभारी पंकज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, मंडल महामंत्री सुषमा बोरा सहित मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में नागरिकों को जागरूक करना रहा। यह जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी अजहरुद्दीन शाह ने दी।

### अकादमी में आज गूंजेंगी सदाबहार गीतों की धूम

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी में सदा बाहर गीतों की धूम फिर एक बार श्रोताओं को सुनाई देगी जिसमें उज्जैन के आर के म्यूजिकल ग्रुप सहित संभाग के कई गायक आयोजन में भाग लेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन के अध्यक्ष नितिन चावरे और आयोजक रेखा चावरे ने बताया कि धार्मिक नगरी में संगीत की दुनिया सजाई जाएगी। जिसमें कई गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। आज 4 जून को कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी में सांय 7 बजे स्वरों की महफिल सजेगी। जिसमें सदा बहार गीतों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महेश सीतलानी, विशेष अतिथि स्वामी मुस्कुराके और अतिथि प्रीति दीक्षित, देवचरण बड़िया, हरिनारायण मालवीय रहेंगे। गीतों की प्रस्तुति उज्जैन जिले सहित रतलाम के कई गायक अपनी मधुर प्रस्तुति देंगे। संगीत प्रेमियों को आयोजन में पधारने की अपील ग्रुप के सदस्यगणों ने की है। जानकारी सचिव अकबर खान ने दी।

# महापौर ने विष्णुसागर एवं रूद्रसागर का निरीक्षण किया

**उज्जैन। बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा सप्तसागरों के अंतर्गत विष्णुसागर एवं रुद्र सागर का निरीक्षण किया गया। सप्तसागरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निगम द्वारा विशेष रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिसमें छायादार टेंट, शामियाने, पानी के टैंकर लगाए गए हैं जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से पूजन कर सकें। श्रद्धालु निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं से भी संतुष्ट नजर आए क्योंकि गर्मी एवं धूप में छायादार जगह उपलब्ध हो पाई जहां पूजन किया जा रहा है।**

रुद्र सागर पर निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा सफाई व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही देखने में आया कि रुद्रसागर पर श्रद्धालुओं द्वारा जिस मार्ग से पूजन हेतु प्रवेश किया जाता है। वहां पर दुकानदारों द्वारा लोहे के चद्दर एवं शेड लगाते हुए अतिक्रमण किया गया था। महापौर ने तत्काल अतिक्रमण गैंग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए अतिक्रमण को खड़े रहकर हटावाया गया। साथ ही दुकानदारों को भी समझाइश दी गई कि अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखें दुकानों के बाहर टेबल कुर्सी ना रखें जिससे यातायात भी बाधित नहीं होगा और श्रद्धालु भी सुगमता पूर्वक पूजन कर सकेंगे। महापौर द्वारा निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, पार्षद हेमंत गहलोत, लीला वर्मा उपस्थित रहे।

# प्रेम विवाह करने वाले युवक के परिवार पर हमला

▶ वाहन से आए थे युवती के परिजन, तीन घायल

**उज्जैन।** ग्राम नवेली में रहने वाले परिवार पर रात 3 बजे चार पहिया वाहनों से आए शाजापुर के कुछ लोगों ने हमला कर दिया और अपनी पुत्री को लेकर रवाना हो गए। हमले में दो भाइयों के साथ पिता घायल हुआ है। मामला प्रेम विवाह से जुडा होना सामने आया है। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नवेली में रहने वाले राजाराम के चार पुत्र हैं। एक पुत्र सौदान अपने मामा के यहां बेरछी शाजापुर में रहकर देवास स्थित फैक्ट्री में काम करता है। उसका शाजापुर की रहने वाली युवती अनीता से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 21 में को दोनों ने भाग कर चिंतामण मंदिर में शादी कर ली थी और बालिक होने पर न्यायालय में विवाह का आवेदन भी कर दिया था। मामा के यहां रहने वाला सौदान अनीता को लेकर अपने पिता के गांव नवेली आ गया था। रात में अनीता के परिजन वाहनों में सवार होकर शाजापुर से ग्राम नवेली पहुंचे। रात 3 बजे के 18 से 20 लोगों ने राजाराम के घर पर हमला किया और परिवार के साथ मारपीट करने के बाद अपनी पुत्री अनीता को लेकर रवाना हो गए। हमले में राजाराम को मामूली चोट लगी लेकिन उसके 2 पुत्र राहुल और दीपक घायल हो गए। मां सुगनबाई और रिश्तेदार प्रहलाद भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। चोट लगने पर राहुल और दीपक के साथ राजाराम को भी उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना भेरूगढ़ पुलिस को मिलने पर जांच शुरू की गई है।

# सिंहस्थ में व्यवस्था से पहले सुरक्षा पर फोकस, विशेष पुलिस महानिदेशक जैन उज्जैन पहुंचे

▶ क्राउड मैनेजमेंट पर हुई चर्चा, श्रद्धालुओ के मद्देनजर देखी तैयारी



**उज्जैन। महाकाल की नगरी में आने वाले 50 करोड़ श्रद्धालुओं की सुविधा से पहले उनकी सुरक्षा पर चिंता जताई गई है। इसलिए बुधवार को मध्य प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक उपेंद्र जैन उज्जैन पहुंचे और तैयारी का जायजा लिया। सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, क्राउड फेसीलिटेशन, सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।**

महाकाल की नगरी में सिंहस्थ-2028 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक उपेन्द्र जैन ने उज्जैन में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

विशेष पुलिस महानिदेशक उपेन्द्र जैन के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही, दर्शन व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, यातायात संचालन, पार्किंग प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उपेन्द्र जैन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता, संभागायुक्त आशीष सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, प्रशासक श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रथम कौशिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु प्रसाद पराशर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुगम दर्शन हो-क्राउड मैनेजमेंट

अधिकारियों ने सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यातायात, पार्किंग, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएंगे। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर समय-सीमा में तैयारियों को पूर्ण करेंगे।

## अधिकारियों के साथ नई खेड़ी पहुंचे

इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा नईखेड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों एवं प्रारंभिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ अवधि में रेलवे स्टेशन पर संभावित यात्री दबाव, यात्री सुविधाओं, यातायात समन्वय, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित आवश्यकताओं का आकलन किया गया। साथ ही संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# अर्पित गोयल ने कबाड़ से जुगाड़ करके बनाई छत पर नर्सरी

▶ मैं सैकड़ों पौधे तैयार, घर एवं दुकान से निकलने वाले वेस्टेज प्लास्टिक डब्बा-डब्बी, पॉलीथिन से घर की छत पर नर्सरी का निर्माण



**उज्जैन।** नगर के पटेल नगर अंकपात मार्ग पर निवास करने वाले पर्यावरण प्रेमी अर्पित गोयल एवं परिवार ने घर पर दिवाली की सफाई में निकले प्लास्टिक के डब्बे-डब्बी एवं पॉलीथिन की पन्निओ का उपयोग करते हुए (वेस्ट ऑफ बेस्ट) घर की छत पर नर्सरी बनाई। जिसमें सैकड़ों पौधे तैयार किए, विगत 11 वर्षों में गोयल परिवार द्वारा हजारों पौधों का नि:शुल्क वितरण करके हरियाली का संदेश दिया।

अर्पित गोयल की माता माधुरी गोयल एवं पत्नी नेहा गोयल उज्जैन को नंबर वन बनाने के उद्देश्य से घर से निकलने वाले गीले कचरे के द्वारा होम कंपोस्टिंग के माध्यम से पुराने मटकों में छत पर खाद बनाते हैं जिसका उपयोग पौधों में किया जाता है और पौधे हरे भरे और जल्द डिवेलप हो जाते हैं। बता दें कि गोयल को अनेक संस्थाएं इस बाबत सम्मानित भी कर चुकी हैं और लोगों को इस संबंध में जागरूक भी किया जा रहा है कि कबाड़ से जुगाड़ कैसे होता है।

## टेरेस गार्डन एवं नर्सरी निर्माण और छत पर

दाना पानी एवं हरियाली होने से रोज पक्षी आते हैं। गोयल द्वारा पक्षियों के आश्रय के लिए पुराने मटकीयों एवं पश्टो के खाली खोको से छत पर घोंसले बनाए। पुरानी कांच के बोतल से नाइट लैंप, प्लास्टिक की बोतल से फ्लावर पार्ट, गमले और कई सजावटी सामान घर से निकलने वाले वेस्टेज सामान से तैयार किए हैं। इस तरह गोयल परिवार द्वारा कबाड़ से जुगाड़ करके पर्यावरण संरक्षण में अपना अतुल्य योगदान दे रहा है।

# निगम आयुक्त ने किया जोन 4 का औचक निरीक्षण



**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने जोन क्रमांक 4 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 4 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर को निगम आयुक्त ने चेक करने के साथ अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोनल अधिकारी को प्रदान किए। निगम आयुक्त द्वारा गोदिया ट्रेचिंग ग्राउंड में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक कैलाश यादव की हाजिरी रजिस्टर में उपस्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

# दीक्षा ने चने की दाल पर उकेरे 12 ज्योतिर्लिंग

▶ शिप्रा फाइन आर्ट के प्राचार्य डॉ.
▶ अभिषेक तोमर के सानिध्य में रिकॉर्ड हासिल किया

**उज्जैन।** नगर की प्रतिभाशाली युवा कलाकार दीक्षा कुशवाह ने अपनी अद्भुत सूक्ष्म कला (माइक्रो आर्ट) से एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने मात्र 8 मिलीमीटर आकार की चने की एक दाल पर भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की आकृतियां उकेरकर अपनी असाधारण कला और एकाग्रता का परिचय दिया है। यह अद्भुत कलाकृति उन्होंने 13 अप्रैल 2026 को तैयार की। शिप्रा फाइन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभिषेक तोमर सर के सानिध्य में यह रिकॉर्ड हासिल किया है। दीक्षा ने बताया कि इस विशेष रचना को बनाने में उन्हें केवल 22 मिनट का समय लगा। इतने छोटे आकार की सतह पर 12 ज्योतिर्लिंगों को सटीकता और बारीकी के साथ उकेरना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था।

## केवल शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए गौरव




भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखते हैं। इन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित शिव के प्रमुख तीर्थस्थलों के रूप में पूजा जाता है। दीक्षा ने इन्हीं ज्योतिर्लिंगों को अपनी सूक्ष्म कला के माध्यम से एक ही चने की दाल पर साकार कर एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उज्जैन की इस युवा कलाकार की उपलब्धि न केवल शहर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह सूक्ष्म कलाकृति कला जगत में प्रेरणा का स्रोत बन रही है और युवाओं को अपनी प्रतिभा को नए आयाम देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

एक नजर में ▶ ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों से बोले- आम श्रद्धालुओं को दिक्कत न आए इसका ध्यान रखें

# महाकाल प्रशासक अचानक मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक बुधवार को अचानक मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। वे मंदिर समिति के लड्डू प्रसाद काउंटर, दान काउंटर और क्लॉक रूम पर गए और व्यवस्थाओं को खुद चेक किया।



प्रशासक कौशिक बड़ा गणेश, हरसिद्धि मार्ग, विक्रम टीला, मंदिर परिसर के निर्गम मार्ग का निरीक्षण करने निकले। इस दौरान हरसिद्धि, विक्रम टीला से दर्शन हेतु प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं के धूप से बचाव हेतु छाया की व्यवस्था करने, मेटिंग बिछाने, पेयजल, जूता स्टैंड, दिशा सूचक बोर्ड सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए।



## श्रद्धालुओं से व्यवहारिक संवाद करें

प्रशासक ने निरीक्षण में चेकिंग पाइंट, लाइन चालक एवं अन्य स्थानों पर ड्यूटीरत कर्मचारियों से भेंट कर श्रद्धालुओं से व्यावहारिक संवाद किए जाने तथा कैशलेस लड्डू प्रसाद विक्रय एवं दान हेतु निर्देश दिए दर्शन उपरांत निर्गम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित बैरिकेडिंग, मेटिंग पेयजल आदि की व्यवस्था की जाए। विदित हो कि लाइन के दौरान मंदिर में विवाद की स्थिति कभी कभी निर्मित हो जाती है। ऐसे में सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को प्रशासक ने समझाइश दी।